a. The Protection of Women from Domestic Violence Bill, 2005.

b. The High Court and Supreme Court Judges (Salaries and Conditions of Service) Amendment Bill, 2005.

Consideration and passing of the National Tax Tribunal Bill, 2004 after it has been passed by the Lok Sabha.

THE OUTCOME BUDGET, 2005-06

MR. CHAIRMAN: Now, we take up the Outcome Budget, 2005-06.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI SURESH PACHOURI): Mr. Chairman, Sir, on behalf of my esteemed colleague, Shri P. Chidambaram, I beg to lay on the Table a copy of the Outcome Budget, 2005-06 mentioned against his name in today's order paper.

श्री सभापति: श्री कलराज मिश्र । आप दो मिनट में बता दीजिए । मैं आपकी इस सूचना के बारे में माननीय मंत्री महोदय को सूचित नहीं कर पाया हूं ।

MATTER RAISED WITH PERMISSION OF CHAIR

Threat to the Internal security of the country due to reported presence of trained terrorists on Indo-Bangladesh Border

श्री कलराज मिश्र(उत्तर प्रदेश)**:** मान्यवर, मैं एक महत्वपूर्ण विषय की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । आज के नवभारत टाइम्स में यह समाचार आया है –भारत बांग्लादेश सीमा पर दो हजार आंतकी । मान्यवर , 17 अगस्त को बांग्लादेश के 63 जिलों में 500 जगहो पर बम-विस्फोट हुए , जिनमें प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों का हाथ था । रिपोर्ट के मुताबिक सीमा पर जमा 2000 आतंकियों को अफगानिस्तान, पाक अधिकृत कश्मीर, लेबनान, फिलीस्तीन, लीबिया से प्रशिक्षण देकर भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थित 30 कोमी मदरसों में रखा गया है । इन संगठनों का सूत्रधार आइ.एस.आइ. बांग्लादेश में छुपे उल्फा उग्रवादी संगठनों की भी मदद कर रहा है । मान्यवर, सीमा पर इस प्रकार की स्थिति निर्मित होने के कारण भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है । मैं चाहूंगा कि सरकार इस सबधं में वक्तव्य दे, तो ज्यादा उपयुक्त होगा ।